**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**
Employees' Provident Fund Organisation
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
मुख्य कार्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
वैबसाईट/Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

**संख्या :हिं.अ./वा.मू.रि./2016/मुख्यालय/** 3953 **दिनांक:** 05 OCT 2017

सेवा में,

सभी अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (अंचल)
निदेशक, पीडीनास

**विषय: वर्ष 2016-17 से संबंधित वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट का प्रेषण ।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय पर मुख्यालय द्वारा जारी पत्र संख्या हि.अ. 8(2) 2015-16/वा.का./2664 दिनांक 31 जुलाई, 2017 और पत्र संख्या हि.अ./वा.मू.रि./2016/मुख्या./3371 दिनांक 16 अगस्त, 2017 का संदर्भ ग्रहण करें।

उपर्युक्त पत्र के तहत सभी आंचलिक कार्यालयों तथा पीडीनास से अंचल तथा अपने अधीनस्थ कार्यालयों से संबंधित वर्ष 2016-17 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट समेकित रूप से निर्धारित प्रोफार्मा में दिनांक 20.08.2017 तक मुख्यालय को भेजने का अनुरोध किया गया था ताकि मुख्यालय द्वारा समेकित रिपोर्ट समय पर मंत्रालय को भेजी जा सके। परंतु आंचलिक कार्यालय पंजाब, बांद्रा एवं पुणे को छोड़कर किसी भी अंचल से वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट समेकित रूप से प्राप्त नहीं हुई है। पीडीनास द्वारा भी केवल उनसे संबंधित रिपोर्ट भेजी गई है तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों की समेकित रिपोर्ट अपेक्षित है।

उल्लेखनीय हैं कि मंत्रालय से प्राप्त पत्र संख्या जैड -11019/1/2017 रा.भा.नी दिनांक 23.08.2017 (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार उक्त रिपोर्ट, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भेजने हेतु, दिनांक 28.09.2017 तक श्रम मंत्रालय को भेजी जानी थी।

अत: **सभी संबंधित अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (अंचल) एवं निदेशक, पीडीनास** से अनुरोध है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों / प्रशिक्षण संस्थानों से संबंधित वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट समेकित रूप से **तत्काल** मुख्यालय को **ई-मेल** द्वारा भिजवाने की व्यवस्था करें ताकि मुख्यालय द्वारा संगठन की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट समेकित करके अविलम्ब मंत्रालय को भेजी जा सके।

कृपया मामले को **उच्च प्राथमिकता** दी जाए।

संलग्न: यथोपरि

**भवदीय**

**(के.एल. गोयल)**
**अपर केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त (मुख्याल) एवं प्रभारी (राजभाषा)**

F:\वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट का प्रेषण.docx 04-10-2017

संख्या जैड-11019/1/2017-रा.भा.नी.

भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

*****

प्राप्त
29 AUG 2017
डायरी सं. 852
29/8/17

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग

नई दिल्ली, दिनांक 23 अगस्त, 2017

परिपत्र

विषय: वर्ष 2016-17 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट के प्रेषण हेतु

जैसा कि ज्ञात है कि प्रत्येक वित्त वर्ष की समाप्ति पर सभी मंत्रालयों/विभागों को उनके तथा सम्बद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों के बारे में राजभाषा, विभाग गृह मंत्रालय को एक समेकित वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट भेजनी होती है। यह रिपोर्ट एक निर्धारित प्रपत्र में भेजी जाती है जो राजभाषा विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। इस रिपोर्ट में 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी चारों तिमाहियों के समेकित आंकड़े क्षेत्रवार अर्थात् क्षेत्र 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों के बारे में अलग-अगल दिए जाने हैं। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय से भी इस संबंध में एक अनुस्मारक दिनांक 22 अगस्त, 2017 को मंत्रालय में प्राप्त हुआ है।

2. श्रम और रोजगार मंत्रालय के सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों से अनुरोध है कि वे अपनी-अपनी वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट तत्काल किन्तु 28 सितम्बर, 2017 तक मंत्रालय को भिजवा दें ताकि समेकित रिपोर्ट शीघ्रातिशीघ्र राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भिजवाई जा सके। उक्त रिपोर्ट मंत्रालय के राजभाषा अनुभाग के ई-मेल आईडी hindisection.mole@gmail.com पर भी अपलोड करवाएं।

(विजय सिंह मीना)
संयुक्त निदेशक (रा.भा.)

श्रम और रोजगार मंत्रालय के सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय